Public education
Discover a world of opportunities

कक्षाएँ 1 और 2

रीडिंग: घर पर सीखना

पढ़ने के चरण

जैसे-जैसे आपके बच्चे पढ़ना सीखते हैं, वैसे-वैसे वे अलग-अलग अवस्थाओं से होकर गुजरते हैं। याद रखें कि बच्चे अलग-अलग तरीकों और अलग-अलग गति से सीखते हैं, इसलिए धैर्य बनाए रखें और हमेशा अपने बच्चों के प्रयत्नों को बढ़ावा दें।

रोल-प्ले रीडर

जैसे-जैसे आपके बच्चे बड़े होते हैं और उनका विकास होता है, वैसे-वैसे किताबों और अपने आसपास दिखाई देखे वाले शब्दों में उनकी रुचि पैदा होनी शुरू हो जाती है।

हो सकता है कि वे किताबों को सीधा पकड़कर, पन्नों को ध्यानपूर्वक पलटते हुए और चित्रों का प्रयोग करके और कहानियों को दोबारा सुनाने के लिए अपनी स्मरणशक्ति का प्रयोग करके पढ़ने का बहाना करते हुए आपकी नकल करना शुरू करें। वे किताब के मुख्य और अंतिम पृष्ठ में अंतर भी सीखते हैं, यह समझते हैं कि शब्द और चित्र अलग-अलग होते हैं, और यह कि मुद्रित शब्दों में संदेश छिपे होते हैं।

आप निम्नलिखित काम करके अपने बच्चों की सहायता कर सकते/सकती हैं:

- उनके साथ रोज़ पढ़कर
- पढ़ने का नाटक करने के प्रयास करने को प्रोत्साहित और इसकी प्रशंसा करके
- उन्हें यह दिखाकर कि चित्र कहानी बताने में मदद करते हैं
- बार-बार उनकी पसंदीदा कहानियाँ पढ़कर – घनिष्ठ परिचय आत्म-विश्वास जगाता है
- जब वे गलतियाँ करें तो उनकी आलोचना न करके – पढ़ना सीखने में समय लगता है!

प्रायोगिक पाठक

इस अवस्था के दौरान, आपके बच्चे अक्सर चित्रों को देखकर और कहानी के बारे में अपनी स्मरण-शक्ति का प्रयोग करके पढ़ते हैं। वे कुछ शब्दों की पहचान भी करते हैं, परन्तु उनका ध्यान विषय वस्तु के अर्थ पर होता है न कि प्रत्येक शब्द को ठीक से पढ़ने पर।

आप निम्नलिखित काम करके अपने बच्चों की सहायता कर सकते/सकती हैं:

- उनके साथ रोज़ पढ़कर
- पढ़ने का नाटक करने के प्रयास को प्रोत्साहन देकर और इसकी प्रशंसा करके
- उनके साथ ध्वनियों, शब्दों और किताबों में दिए गए महत्वपूर्ण लेखों और लेबल, शॉपिंग सूचियों और समाचार-पत्रों जैसे अन्य विषय वाक्यों के बारे में बात करके
- उनके साथ किताबों के किरदारों और कथानकों के बारे में बात करके
- उन्हें इस बात के लिए प्रोत्साहित करके कि वे कहानी में आगे घटित होनी वाली घटना के बारे में अपनी राय दें
- उनकी पसंदीदा कहानियाँ बार-बार पढ़ना जारी रखकर।

टेलीविज़न बंद कर दें। अगर कोई रोक-टोक न हो तो आपके बच्चों के लिए ध्यान लगाना अधिक आसान होता है।

Department of
Education

आपको और अधिक जानकारी **education.wa.edu.au** पर होम सूचना-पत्रकों पर मिलेगी।

© Department of Education, Western Australia, 2015

कक्षाएँ 1 और 2

रीडिंग: घर पर सीखना

प्रारम्भिक पाठक

इस अवस्था में, बच्चे परिचित टेक्स्ट पढ़ना शुरू करने के योग्य होते हैं। नए टेक्स्ट पढ़ते समय, हो सकता है कि वे पृष्ठ पर जो दिया गया है उसे ठीक उसी प्रकार पढ़ने का प्रयास करते हुए हर शब्द पर ध्यान केन्द्रित करते हुए धीरे-धीरे और सोच-विचार करते हुए पढ़ें। हो सकता है कि आपके बच्चे आपको उनके द्वारा पढ़ी चीज़ों के बारे में अपने विचार बताना शुरू करें और यह बतायें कि उन चीज़ों को लेकर उनके विचार ऐसे क्यों हैं।

आप निम्नलिखित काम करके अपने बच्चों की सहायता कर सकते/सकती हैं:

- अक्सर उन्हें पढ़कर सुनाकर और उन्हें कहानी के बारे में बात करने के लिए प्रोत्साहित करके
- उन्हें उनके द्वारा पढ़ी जाने वाली चीज़ों के बारे में अपनी राय देने के लिए प्रोत्साहित करके
- आम शब्दों की ओर इशारा करके और इनके बारे में बात करके

जैसे-जैसे आपके बच्चे पढ़ना सीखते हैं वैसे-वैसे उनकी बहुत सराहना करना वास्तव में महत्वपूर्ण होता है। यदि उनसे कुछ गलत हो जाए तो आलोचना करने से बचें, भले ही ऐसा करना आपको आसान लगता है। कुछ बच्चों को काफी अभ्यास और प्रोत्साहन की ज़रूरत होती है।

- जिन शब्दों की उन्हें जानकारी नहीं है उनका पता लगाने के लिए उन्हें अलग-अलग तरीकों का प्रयास करने हेतु प्रोत्साहित करके जैसे कि शब्द की आवाज़ निकालना, तस्वीरों से सम्बन्धित संकेतों और आपके द्वारा उन्हें दिए जाने वाले अन्य संकेतों का प्रयोग करना, वाक्य दोबारा पढ़ना, और वाक्य के अंत तक पढ़ना
- उनसे यह पूछना कि उन्हें ऐसा क्यों लगता है कि कहानी में कोई घटना क्यों घटी, और उन्हें ऐसा क्यों लगता है कि किसी किरदार ने कोई बात या कोई काम क्यों किया
- उन्हें इस बारे में बात करने के लिए प्रोत्साहित करके कि जिस शब्द की उन्हें जानकारी नहीं है उसका पता उन्होंने कैसे लगाया
- मैसेज बोर्ड पर टिप्पणियाँ लिखना जिन्हें वे पढ़ें और उन्हें भी टिप्पणियाँ लिखने के लिए प्रोत्साहित करना।

© Department of Education, Western Australia, 2015